रहे मेरे मुख में सदा तेरा नाम भजन लिरिक्स

रहे मेरे मुख में सदा तेरा नाम,
ओ राधा के श्याम,
ओ मीरा के श्याम।bd।

कोई दुनिया की ताकत जुदा ना करे,
मिले जो मुझे राधा राधा कहे,
मुझे तो ना मरने से जीने से काम,
ओ राधा के श्याम,
ओ मीरा के श्याम।bd।

नज़रों ने तेरी दिलासा दिया,
मुझे अपना तुमने बना ही लिया,
कहे तुमको सबही यशोदा के लाल,
ओ राधा के श्याम,
ओ मीरा के श्याम।bd।

चाहे मुझको कोई दीवाना कहे,
दीवाना कहे मस्ताना कहे,
मुझे तो है प्यारा प्रभु तेरा नाम,
ओ राधा के श्याम,
ओ मीरा के श्याम।bd।

चरणों में अपने बिठा लो प्रभु,
अपने में मुझको मिला लो प्रभु,
रटूं तेरा नाम सुबह और शाम,
ओ राधा के श्याम,
ओ मीरा के श्याम।bd।

रहे मेरे मुख में सदा तेरा नाम,
ओ राधा के श्याम,
ओ मीरा के श्याम।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com